i;Vu] dyk lLdfr] [kydn ,o ;ok dk;l foHkkx
>kj[k.M ljdkj

ekuuh; v/;{k egksn;]

आपकी अनुमति से मैं झारखण्ड राज्य में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग का वित्तीय वर्ष 2015–16 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं वर्ष 2016–17 का कार्य प्रतिवेदन प्रस्तुत कर रहा हूँ।

(पर्यटन प्रभाग)

परिदृष्टि

पर्यटन की दृष्टि से झारखंड का श्रृंगार प्रकृति ने स्वयं किया है। प्राकृतिक सौंदर्य से सुशोभित झारखण्ड राज्य में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएँ हैं। वन–पर्वतों से आच्छादित, निरंतर प्रवाहित नदियों से अभिसिंचित, घने जंगल, पहाड़ियों, घाटियों, जल–प्रपात, अभ्यारण्य एवं प्राचीन इतिहास, सभ्यता–संस्कृति से पूर्ण हमारा राज्य पर्यटन की दृष्टि से अति मनमोहक एवं समृद्ध है। हमें झारखण्ड में पर्यटन के विकास की संभावनाओं के दृष्टिगत पर्यटकों के लिए न केवल आधारभूत संरचनाओं का विकास करना है, बल्कि झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य एवं सांस्कृतिक आध्यात्मिक धरोहरों के साथ समन्वित विकास करते हुए झारखंड को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करना है। हमारा विश्वास है कि प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हुए, परम्परागत आतिथ्य भाव के साथ समूचित पर्यटकीय सुविधाएं निकट भविष्य में हम दे पायेंगे और पर्यटन को वास्तविक रूप से उद्योग के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

वर्त्तमान में पर्यटन न केवल राज्य के आर्थिक विकास को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है, अपितु यह काफी संख्या में लोगों को रोजगार मुहैया कराने में भी अहम् भूमिका का निर्वाह कर रहा है।

राज्य गठन के पश्चात् विभागीय प्रयासों के फलस्वरूप झारखंड में आने वाले पर्यटकों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। संकलित तथा अन्य स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार झारखण्ड में पर्यटकों की संख्या में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है, जहाँ वर्ष 2000 में देशी पर्यटकों की संख्या 23,991 एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या 172 थी, वहीं वर्ष 2011 में राज्य में कुल देशी पर्यटकों की संख्या 1,45,80,387 तथा विदेशी पर्यटकों की संख्या 87,521 हो गयी। वर्ष 2015 में झारखंड राज्य में आने वाले कुल देशी पर्यटकों की संख्या 3,31,79,530 तथा विदेशी पर्यटकों की संख्या 1,67,855 रही। वर्ष 2014 में झारखंड राज्य देशी पर्यटकों की संख्या के हिसाब से देश में 9वें स्थान पर रहा। जो वर्ष 2009 में 15वें स्थान पर था। राज्य में पर्यटकों की लगातार वृद्धि राज्य में पर्यटन के विकास को दर्शाता है।

वित्तीय वर्ष 2016–17 में विभाग अन्तर्गत पर्यटन प्रभाग के लिए राज्य योजनान्तर्गत 120.00 करोड़ रुपये का बजट उपबंध प्रस्तावित है, जिसमें अन्य क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत 70.20 करोड़ रुपये एवं जनजातीय उपयोजनान्तर्गत 49.80 करोड़ रुपये प्रस्तावित है।

राज्य में भारत सरकार के सहयोग से होटल प्रबंधन संस्थान की स्थापना ब्राम्बे, राँची में की जा रही है। इसे पूर्वी क्षेत्र के एक उच्च स्तरीय संस्थान के रुप में विकसित किया जायेगा। यह योजना लगभग 27.00 करोड़ की है। इसमें एकेडमिक भवन के साथ आवासीय सुविधा भी होगी।

NGO एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता से राज्य के विभिन्न पर्यटक स्थलों के साफ–सफाई, सुरक्षा आदि के लिए प्रबंधकीय अनुदान अंतर्गत 5.00 करोड़ रू० का बजट उपबंध प्रस्तावित है।

विभाग के अन्तर्गत पर्यटन से संबंधित विभिन्न कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण एवं आधुनिकीकरण तथा कुछ महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों पर सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित आधुनिक सुविधा जैसे – वाई फाई आदि उपलब्ध कराने हेतु कम्प्यूटरीकरण एवं आधुनिकीकरण अन्तर्गत 5.00 करोड़ रू० का बजट उपबंध प्रस्तावित है।

झारखण्ड पर्यटन को राज्य एवं राज्य के बाहर प्रचार–प्रसार के निमित्त आयोजित होने वाले मेला–त्योहार/प्रदर्शनी/सेमिनार/मुद्रण आदि के लिए तथा राज्य में क्षेत्रीय, राष्टीय एवं अंतर्राष्टीय मेला आयोजित करने के लिए प्रचार–प्रसार अंतर्गत 15.00 करोड़ रू० का बजट उपबंध प्रस्तावित हैं।

राज्य के विभिन्न टूरिस्ट सर्किट एवं गंतव्यों के लिए पर्यटकों की सुविधा हेतु उच्च स्तरीय परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने तथा राज्य में पर्यटन से संबंधित परिसम्पतियों तथा पर्यटन स्थलों के प्रबंधन उन्नयन, प्रचार, साफ–सफाई आदि एवं राज्य के गरीब नागरिकों को देश के प्रमुख धार्मिक स्थल/पर्यटन स्थल की यात्रा कराने हेतु JTDC को वित्तीय सहायता के रुप में कुल 5.00 करोड़ रू० का बजट उपबंध प्रस्तावित है।

पर्यटन क्षेत्र में स्वरोजगार अन्तर्गत हुनर से रोजगार योजना एवं पर्यटकों को आधारभूत सुविधा एवं अतिथि सत्कार उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से टूर ऑपरेटरों, ट्रेवेल एजेन्ट, गाईड, कुक, वेटर, NGO आदि को प्रशिक्षण दिलाने हेतु पर्यटन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास अंतर्गत 2.00 करोड़ रू० का बजट उपबंध प्रस्तावित है।

पर्यटन योजनाओं का समेकित विकास, धार्मिक पर्यटन/ग्रामीण पर्यटन /हेरिटेज पर्यटन /खनन पर्यटन/होटल, टुरिस्ट कॉम्पलेक्स, पर्यटक सूचना केन्द्र आदि का उन्नयन/भूमि अधिग्रहण/मार्गीय सुविधाओं, पर्यटक सूचना केन्द्रों, एडवेंचर टूरिज्म इत्यादि के निर्माण एवं विकास कार्य अन्तर्गत चालू योजनाओं को पूर्ण करने हेतु 20.00 करोड़ रू० का बजट उपबंध प्रस्तावित है।

नयी योजनान्तर्गत पर्यटन योजनाओं का समेकित विकास, धार्मिक पर्यटन/ग्रामीण पर्यटन/हेरिटेज पर्यटन/खनन पर्यटन/होटल, टुरिस्ट कॉम्पलेक्स, पर्यटक सूचना केन्द्र आदि का उन्नयन भूमि अधिग्रहण/मार्गीय सुविधाओं, पर्यटक सूचना केन्द्रों, एडवेंचर टूरिज्म इत्यादि का निर्माण तथा विकास आदि हेतु 54.00 करोड़ रु० का बजट उपबंध प्रस्तावित है।

देश के प्रमुख शहरों में पर्यटक सूचना केन्द्र खोलने तथा कोलकाता, नई दिल्ली, मुम्बई तथा अहमदाबाद में चल रहे पर्यटक सूचना केन्द्रों के संचालन हेतु 2.00 करोड़ रू० का बजट उपबंध प्रस्तावित है।

विभागीय अभियंत्रण कोषांग के स्थापना व्यय तथा विभिन्न परामर्शी सेवाएँ प्राप्त करने हेतु 7.00 करोड़ रू० का बजट उपबंध प्रस्तावित है।

झारखण्ड पर्यटन विकास निगम लि० की हिस्सा पूँजी हेतु 2.00 करोड़ रू० का बजट उपबंध प्रस्तावित है।

झारखण्ड पर्यटन नीति, 2015 के तहत् विभिन्न एजेंसियों/उद्यमों को प्रोत्साहन देने हेतु 1.00 करोड़ रू० का बजट उपबंध प्रस्तावित है।

वित्तीय वर्ष 2015–2016 का वार्षिक प्रतिवेदन

वित्तीय वर्ष 2014–15 में कुल 100.00 करोड़ रु० का योजना उद्व्यय स्वीकृत किया गया। इस वर्ष में चालू योजनाओं को पूर्ण करने के साथ–साथ राज्य के प्रमुख पर्यटक स्थलों के विकास हेतु नई योजनाओं की स्वीकृति पर बल दिया गया। इस बीच पर्यटन क्षेत्र में विभाग की प्रमुख उपलब्धियाँ निम्न प्रकार रही –

1- पर्यटन नीति, 2015 लागू की गई।

2- पर्यटन स्थल (प्रबंधन एवं रख–रखाव) अधिनियम, 2015 लागू की गई।

3- झारखण्ड पर्यटन विकास एवं निबंधन अधिनियम, 2015 लागू की गई।

4- झारखण्ड नौका नियमावली, 2014 लागू की गई है।

5- श्रावणी मेला (देवघर–दुमका) का प्रबंधन तथा संचालन हेतु ''बाबा बैद्यनाथ धाम – बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार अधिनियम, 2015 लागू की गई।

6- झारखण्ड पर्यटन विकास एवं निबंधन अधिनियम, 2015 के तहत् पारसनाथ पर्यटन विकास प्राधिकार एवं रजरप्पा पर्यटन विकास प्राधिकार का गठन किया गया है।

7- राजकीय मेला/महोत्सव घोषित करने की नियमावली लागू की गई है।

8- पर्यटन स्थल (प्रबंधन एवं रख–रखाव) अधिनियम, 2015 के तहत् पर्यटन स्थलों के चिन्हितिकरण हेतु नियमावली तैयार की जा रही है।

9- पर्यटन नीति, 2015 के तहत् Jharkhand Tourist Home Stay Scheme हेतु नियमावली तैयार की जा रही है।

10- पर्यटन नीति, 2015 के तहत् मा० मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में झारखण्ड पर्यटन विकास परिषद् का गठन किया गया है।

11- झारखण्ड पर्यटन विकास एवं निबंधन अधिनियम, 2015 के तहत् Jharkhand Tourist Trade Registration Rule तैयार किया जा रहा है।

12- विश्व पर्यटन दिवस, 2015 के अवसर पर झारखण्ड थाली का मोचन किया गया। दिनांक 26 जनवरी से 29 जनवरी, 2016 तक लाल किला, दिल्ली में आयोजित भारत पर्व में झारखण्ड थाली का प्रचार–प्रसार (Promotion) किया गया।

13- हुनर से रोजगार कार्यक्रम के तहत् वित्तीय वर्ष 2015–16 में कुल 690 अभ्यार्थियों को पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में अल्प अवधि प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

14- रजरप्पा मंदिर कम्पलेक्स के विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। भैरवी नदी पर Hanging Bridge निर्माण कार्य हेतु Rites Ltd को परामर्शी नियुक्त करते हुए DPR तैयार कराया जा रहा है।

15- काँके डैम, राँची के पार्क परिसर में Sound & Light Show का अधिष्ठापन किया जा चुका है। शीघ्र ही इसका परिचालन प्रारंभ किया जायेगा।

16- देवघर में प्रकाश एवं ध्वनी शो का अधिष्ठापन किया गया है। JTDC Ltd. द्वारा इसका संचालन किया जा रहा है।

17- होटल प्रबंधन संस्थान, ब्राम्बें, राँची की स्थापना कार्य अंतिम चरण में है।

18- क्यू–कॉम्पलेक्स, देवघर का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

19- अब तक 11 मार्गीय सुविधा, 14 टूरिस्ट कॉम्पलेक्स, 7 पर्यटक सूचना केन्द्र तथा 8 विविध कॉम्पलेक्स का निर्माण किया गया है।

20- पारसनाथ (गिरिडीह) में वंदना पथ का उन्नयन एवं सोलर लाईट का अधिष्ठापन डोली वाले के लिए आश्रय गृह निर्माण तथा पार्किंग का विकास की स्वीकृति प्रदान की गई है।

21- धरती आबा ''बिरसा मुण्डा'' से संबंधित स्थलों– उलिहातु एवं डोम्बारीबुरू का सम्पूर्ण पर्यटकीय विकास तथा सुतियाबें (राँची) का सम्पूर्ण पर्यटकीय विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है।

22- पतरातु (रामगढ़) को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने हेतु KPMG को परामर्शी नियुक्त करते हुए DPR तैयार कराया जा रहा है।

23- राज्य में वर्ष 2011 में जहाँ देशी पर्यटकों की संख्या – 1,45,80,387 एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या – 87,521 थी वहीं वर्ष 2015 में देशी पर्यटकों की संख्या 3,30,79,530 एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या 1,67,855 रही।

24- झारखण्ड में पर्यटन को ''उद्योग'' का दर्जा दिया गया है, फलस्वरूप पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर के दृष्टिकोण से वाह्य स्रोत (PPP Mode एवं Out Sourcing)/SHG/NGO के माध्यम से होटलों, टुरिस्ट कॉम्पलेक्सों आदि के संचालन का कार्य कराने का निर्णय लिया गया है।

25- अबतक कुल 58 परिसम्पतियों का निर्माण कर वाह्य स्रोत (PPP Mode एवं Out Sourcing)/SHG/NGO के माध्यम से संचालन हेतु झारखण्ड पर्यटन विकास निगम लि० को हस्तांतरित किया गया है।

26- होटल प्रबंधन संस्थान कैटरिंग टेक्नोलॉजी एवं एप्लाइड न्युटन्रीशन, झारखण्ड, राँची की स्थापना हेतु शैक्षणिक ब्लॉक, होस्टल, प्रशासनिक भवन, जलापूर्त्ति व्यवस्था इत्यादि एवं उपकरण हेतु कुल 26,07,15,700.00 की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया है। भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

27- झारखंड राज्य में देशी/विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से आधारभूत पर्यटकीय संरचनाओं को बेहतर बनाने हेतु पर्यटन विभाग कृत संकल्प है।

foHkkx ¼i;Vu iHkkx½ vUrxir dk iekk[k pky ;ktukvk dh lph fuEu g &

Øekd	;ktuk dk uke	i× Lohd`r jkf'k	ftyk
1	2	3	4
1	देवघर जिलान्तर्गत सारठ प्रखण्ड अजय कराज सिकटिया में द्वितीय टुरिस्ट कॉम्पलेक्स का निर्माण	23000000.00	देवघर
2	देवघर जिला के करौं प्रखण्ड अन्तर्गत बाबा नायकधाम परिसर का पर्यटकीय विकास।	9901459.00	देवघर
3	क्यू–कम्पलेक्स, देवघर का निर्माण	380000000.00	देवघर
4	गोड्डा जिलान्तर्गत बसंतराय तालाब के निकट अतिथिशाला निर्माण	8000000.00	गोड्डा
5	गोड्डा जिलान्तर्गत पोडैयाहाट प्रखण्ड स्थित पिण्डराहाट पंचायत अन्तर्गत सिदबॉक में बाबा महरीनाथ धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकास।	8912386.00	गोड्डा
6	गोड्डा जिलान्तर्गत ठाकुरगंगटी प्रखण्ड स्थित वास्ता पहाड़ी शिव मंदिर धाम का पर्यटकीय विकास।	9010408.00	गोड्डा
7	गोड्डा जिलान्तर्गत ठाकरगंगटी प्रखण्ड स्थित मो० पहाड़ी में माँ खरहरी देवी धाम का पर्यटकीय विकास।	9039200.00	गोड्डा
8	गोड्डा जिलान्तर्गत गोड्डा प्रखण्ड स्थित जमनी पहाड़पुर में सिंवाहिनी मंदिर का पर्यटकीय विकास।	11174338.00	गोड्डा
9	गढ़वा जिलान्तर्गत गढ़देवी के पास Market Complex -cum- Marriage Hall निर्माण	10803200.00	गढ़वा
10	हजारीबाग जिलान्तर्गत चौपारण प्रखण्ड के पाण्डेश्वरवारा स्थित विश्वकर्मा मंदिर का सौन्दर्यीकरण	16688000.00	हजारीबाग
11	गिरिडीह जिलान्तर्गत मधुवन, पारसनाथ में पार्किंग सुविधा का विकास	20069000.00	गिरिडीह
12	गिरिडीह जिलान्तर्गत मधुवन, पारसनाथ स्थित वन्दना पथ का उन्नयन	34809000.00	गिरिडीह
13	गिरिडीह जिलान्तर्गत मधुवन, पारसनाथ में डोलीवाला के लिए आश्रय गृह (Shelter for Doliwala) का निर्माण	47212300.00	गिरिडीह
14	रामगढ़ जिलान्तर्गत रजरप्पा स्थित माँ छिन्नमस्तिका मंदिर कम्प्लेक्स का विकास	39615000.00	रामगढ़
15	पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत सूर्य मंदिर के पास पार्क एवं सोन मंडप का सौन्दर्यीकरण	9873975.00	पूर्वी सिंहभूम
16	सरायकेला–खरसावॉ जिला के चांडिल प्रखण्ड अन्तर्गत जायदा मंदिर के सौन्दर्यीकरण कार्य	23198700.00	सरायकेला–खरसावॉ
17	धरती आबा 'बिरसा मुण्डा' से संबंधित स्थलों 'उलिहातू एवं डोम्बारीबुरू का पर्यटकीय विकास	53840700.00	खूँटी
18	राँची जिला के पिठोरिया स्थित सुतियाम्बे का संपूर्ण पर्यटकीय विकास	49436300.00	राँची
19	होटल प्रबंधन संस्थान, ब्राम्बे, राँची	26075700.00	राँची

वित्तीय वर्ष 2016–17 का कार्य प्रतिवेदन

भूमिका

झारखण्ड की समृद्ध संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत, अनगिनत धार्मिक स्थल, जल क्रीड़ा हेतु अनगिनत जलाशय, गर्म जल के झरने, वन्य प्राणी आश्रयणियाँ, घने जंगल इत्यादि राज्य को पर्यटकों हेतु सर्वोत्तम गंतव्य बनाने के लिए पर्याप्त है।

राज्य सरकार का यह अटूट विश्वास है कि पर्यटन प्रक्षेत्र के विकास से न केवल प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अनगिनत अवसर पैदा होंगे बल्कि राज्य के त्वरित आर्थिक विकास में भी सहायता मिलेगी। इसके अलावा, राज्य की समृद्ध परम्पराओं एवं सांस्कृतिक विरासत का भी प्रदर्शन किया जा सकेगा, जिसके माध्यम से अन्य प्रक्षेत्रों के विकास में भी सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पर्यटन को 'उद्योग' का दर्जा दिया है।

पर्यटन प्रक्षेत्र के तीव्र विकास हेतु पर्यटक सर्किटों एवं गंतव्यों के विकास की आवश्यकता है, जिसमें विभिन्न पर्यटक सुविधाएँ, मार्गीय सुविधाएँ, आवासन सुविधाएँ, आवागमन सुविधाएँ एवं अन्य आतिथ्य सेवाएँ विकसित करने की आवश्यकता है।

पर्यटन प्रक्षेत्र के विकास में निजी क्षेत्र, स्थानीय ग्रामीणों एवं अन्य स्टेक होल्डरों की सहभागिता भी परम आवश्यक है, जिसके फलस्वरूप न केवल सृजित की गयी परिसम्पत्तियों के रख–रखाव एवं संधारण में सहायता मिलेगी, बल्कि ऐसी परिसम्पत्तियों का लम्बे समय तक पर्यटकों द्वारा लाभ उठाया जा सकेगा।

उद्देश्य

(1) पर्यटन विकास को प्राथमिकता सूची में सम्मिलित करना।
(2) अन्य राज्यों के साथ प्रतिस्पर्द्धा में झारखण्ड को पर्यटकों हेतु सर्वोत्तम गंतव्य के रूप में स्थापित करना।
(3) वर्त्तमान पर्यटक सुविधाओं को बेहतर करते हुए आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करना।
(4) पर्यटन विकास हेतु अर्न्तराष्ट्रीय स्तर की आधारभूत संरचनाओं को स्थापित करना।
(5) पर्यटन विकास हेतु प्रभावी प्रचार–प्रसार करते हुए पर्यटन विकास कार्यक्रम को कार्यान्वित करना।

राज्य योजना मद से संचालित योजनाएँ

1. प्रचार–प्रसार

प्रचार–प्रसार का पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। इस क्रम में प्रिंट मिडिया, इलेक्टॉनिक मिडिया, फिल्में, वेबसाईट इत्यादि के माध्यम से प्रचार किया जाएगा जिससे राष्टीय एवं अन्तर्राष्टीय पर्यटन मेलों, महोत्सवों, प्रदर्शनियों इत्यादि में भाग लेते हुए राज्य की पर्यटन सुविधाओं का प्रचार–प्रसार किया जा सके।

2.प्रशिक्षण एवं कौशल का विकास

मुख्य रूप से BPL/SC/ST को प्रशिक्षण एवं पर्यटन क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए हुनर से रोजगार योजनांतर्गत राज्य के नवयुवकों के कौशल विकास सहित पर्यटन उद्योग में कार्यरत सरकारी/गैर–सरकारी संस्थाओं एवं व्यक्तियों में व्यावसायिक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु आतिथ्य सेवाओं, इत्यादि के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

3.कंप्यूटरीकरण एवं आधुनिकीकरण

राज्य के विभिन्न टूरिस्ट कॉम्पलेक्सों एवं सूचना केन्द्रों को सम्पर्क के आधुनिक साधनों से जोड़ते हुए पारस्परिक रूप से इंटरनेट, कम्प्यूटर इत्यादि के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाएगा जिससे पर्यटन विकास में तीव्रता आ सके।

4.पर्यटक सूचना केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण

वर्तमान में संचालित पर्यटक सूचना केन्द्रों के बेहतर संचालन सहित देश के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर

पर्यटन सूचना केन्द्र स्थापित किए जाएगें जिससे ऐसे स्थानों से आने वाले पर्यटकों को समस्त सूचनाएँ उपलब्ध कराते हुए उनकी झारखण्ड यात्रा को सुखद एवं स्मरणीय बनाया जा सके।

5.होटल प्रबंधन संस्थान एवं फूड क्राफ्ट इंस्ट्रीच्यूट

भारत सरकार के सहयोग से राज्य में राष्ट्रीय स्तर का होटल प्रबंधन संस्थान स्थापित किया जा रहा है, जिसमें राज्य सरकार के द्वारा आवश्यकतानुसार वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। इसके अतिरिक्त राज्य में फूड क्राफ्ट इंस्ट्रीच्यूट की स्थापना किए जाने का भी प्रस्ताव है। इन संस्थानों की स्थापना के फलस्वरूप होटल एवं आतिथ्य सेवाओं हेतु प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हो सकेगा।

6.प्रबंधकीय अनुदान, प्रोत्साहन इत्यादि

राज्य में अवस्थित विभिन्न पर्यटन स्थलों के समुचित प्रबंधन, रख–रखाव, साफ–सफाई, पर्यटकों की सुरक्षा, गाईड सेवाएँ इत्यादि प्रदान करने हेतु राज्य सरकार के द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों एवं सेवा प्रदायी संस्थानों के माध्यम से ऐसी सेवाएँ उपलब्ध करायी जाऐगीं।

7.निर्माण, उन्नयन, प्रबंधन, साफ–सफाई, प्रचार आदि हेतु झारखण्ड पर्यटन विकास निगम को वित्तीय सहायता

नए पर्यटन संरचनाओं का निर्माण, पुराने संरचनाओं का उन्नयन, पर्यटन स्थलों/संरचनाओं का प्रबंधन, साफ–सफाई, प्रचार, पर्यटन परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने, राज्य के गरीब नागरिकों को देश के प्रमुख धार्मिक/पर्यटन स्थलों की यात्रा कराने आदि हेतु झारखण्ड पर्यटन विकास निगम लि० को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।

8.समेकित पर्यटन विकास

(क) i;Vu ifjiFk ,o xr0;k dk lefpr fodkl

राज्य में अनेक आकर्षक पर्यटन गंतव्य हैं, जहाँ उच्चस्तरीय आधारभूत सुविधाएँ, लोक सेवाएँ, मार्गीय सुविधाएँ, सम्पर्क पथ इत्यादि विकसित किए जाने की आवश्यकता है, जिसे पर्यटन विभाग के द्वारा विकसित किया जाएगा।

(ख) vk/;kfRed ,o /kkfeld i;Vu dk fodkl

राज्य में देवघर, पारसनाथ, रजरप्पा, रामरेखा धाम, आंजन धाम, रिखिया, योगदा सत्संग आश्रम राँची, इत्यादि कई ऐसे आध्यात्मिक एवं धार्मिक पर्यटन स्थल हैं, जिनकी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति है। ऐसे आध्यात्मिक एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों को विकसित करते हुए अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जाएगा।

(ग) fojklr] i;Vu dk fodkl

राजमहल की जामी मस्जिद, मेदिनीनगर के चेरो वंश का किला, हजारीबाग का पदमा पैलेस इत्यादि ऐतिहासिक विरासतों को आवश्यकतानुसार लोक–निजी भागीदारी के आधार पर विकसित किया जाएगा।

(घ) xkeh.k i;Vu

झारखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र पारम्परिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यंत समृद्ध एवं गौरवशाली हैं। राज्य में ग्रामीण पर्यटन को विकसित करने की अपार क्षमता हैं। इस उद्देश्य को दृष्टि में रखते हुए राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में चयनित ग्रामों को विकसित किया जाएगा, जहाँ आगन्तुक पर्यटकों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराते हुए ग्रामीण परिवेश एवं रहन–सहन से रू–ब–रू कराया जाएगा।

(ड.) टूरिस्ट कॉम्पलेक्स/होटलों का पुनर्वासन, उन्नयन एवं निर्माण

राज्य में स्थित टूरिस्ट कॉम्पलेक्स एवं होटल का पुनर्वासन, उन्नयन एवं निर्माण कराया जाएगा, जिससे आगन्तुक पर्यटक आतिथियों को बेहतर आवासन सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा सके।

(च) भू–अर्जन/क्रय/हस्तानान्तरण

राज्य में विभिन्न पर्यटक स्थलों को विकसित करने हेतु भूमि की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए भूमि का अधिग्रहण/क्रय/हस्तानान्तरण किए जाने का प्रस्ताव है, जिसके लिए समुचित वित्तीय प्रावधान किया गया है।

(छ) मार्गीय सुविधाएँ

राष्ट्रीय एवं राजकीय उच्च पथों पर बेहतर पर्यटक सुविधाएँ उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। इसी क्रम में ऐसे स्थलों पर पार्किंग, रेस्तरॉ, शौचालय आदि सुविधाएँ उपलब्ध करायी जाएगी। लोक–निजी भागीदारी का भी इस क्रम में सहयोग प्राप्त किया जाएगा।

9. परामर्शी सेवाएँ

राज्य के विभिन्न आकर्षक पर्यटन स्थलों के सर्वांगीण विकास हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कराये जाएंगे, जिसके क्रम में परामर्शी सेवाओं की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त, शोध अध्ययन आदि कार्य हेतु भी परामर्शी सेवाएँ प्राप्त किये जाने का प्रस्ताव है।

10. झारखंड पर्यटन विकास निगम को अंश पूँजी उपलब्ध कराना

राज्य के पर्यटन विकास में झारखंड पर्यटन विकास निगम की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसे राज्य सरकार के द्वारा अंशदान के माध्यम से और सुदृढ़ किया जाएगा।

11. राज्य पर्यटन नीति के अन्तर्गत प्रोत्साहन

राज्य सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है। तदनुसार राज्य नीति के अन्तर्गत पर्यटन प्रक्षेत्र में पूँजी निवेश करने वाली संस्थाओं/व्यक्तियों को अनुमान्य विभिन्न प्रोत्साहन उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है, जिसके क्रम में पारदर्शी, प्रभावकारी एवं सरल प्रक्रिया अपनायी जाएगी।

OUTLAY FOR VARIOUS SCHEMES (TOURISM) FOR 2016-17

Sl. No.	Type of Scheme	Annual Plan (2016-17) (Rs. in Lakh)			
		Proposed Outlay	**Flow to TSP**	**Flow to SCSP**	**Flow to OSP**
State Plan Schemes					
1.	Tourism Publicity etc	**1500.00**	**600.00**	-	**900.00**
2.	Training & skill development etc	**200.00**	**80.00**	-	**120.00**
3.	Computerization & Modernization	**200.00**	**80.00**	-	**120.00**
4.	Strengthening, Maintenance, Running etc. of Tourist Information Centre, modernization & opening Tourist Information Centre	**200.00**	**80.00**	-	**120.00**
5.	Grands-in-aid to Institute of Hotel Management, Food Craft Institute, Jharkhand Adventure Tourism Institute, Various Tourism Development Authority, Baba Baidynath Dham-Basukinath Shrine area development Authority etc.	**500.00**	**200.00**	-	**300.00**
6.	Management Subsidy, Incentive, grants-in ï aid, expenses etc.	**500.00**	**250.00**	-	**250.00**
7.	Financial Assistance to Jharkhand Tourism Development Corporation for Management, Cleanliness, Creation, Up gradation, Publicity etc. of Tourism facilities and providing tour facility to poor family of the state in the tour package form for visiting tourist/religious places inside the state & outside the state (within India).	**500.00**	**250.00**	-	**250.00**
8. INTEGRATED DEVELOPMENT OF TOURISM					
(a)	Integrated Development of various Tourist circuits and destinations etc/ Dvp. of religious tourism/ Dvp. of heritage tourism/ Dvp. of rural tourism/ Dvp. of mining tourism/ out sourcing as a tool for providing tourist services/up gradation of hotels, tourist complex, tourist information centres and tourist spots etc/land acquisition, purchase, transfer / TIC / JATI / way side amenities (Old)	**2000.00**	**500.00**	-	**1500.00**
(b)	Integrated Development of various Tourist circuits and destinations etc/ Dvp. of religious tourism/ Dvp. of heritage tourism/ Dvp. of rural tourism/ Dvp. of mining tourism/ out sourcing as a tool for providing tourist services/up gradation of hotels, tourist complex, tourist information centres and tourist spots etc/land acquisition, purchase, transfer / TIC / JATI / way side amenities/Public Amenities (New)	**5400.00**	**2500.00**	-	**2900.00**
9.	Consultancy, security and other services	**700.00**	**300.00**	-	**400.00**
10.	Share Capital to JTDC	**200.00**	**100.00**	-	**100.00**
11.	Incentives under State Tourism Policy	**100.00**	**40.00**	-	**60.00**
	Grand Total	**12000.00**	**4980.00**	**-**	**7020.00**

राज्य योजना बजट प्रस्ताव–

प्रस्तावित बजटीय उपबन्ध – 120 करोड़

वित्तीय वर्ष 2016–17 में पर्यटन विभाग, झारखंड, राँची हेतु योजना मद में 120 करोड़ रू० का बजट उपबंध प्रस्तावित है। विभाग को विभिन्न योजनाओं के लिए प्रस्तावित बजटीय उपबन्ध की विवरणी पृष्ठ ..... पर दी गई है।

चुनौतियाँ –

- पर्यटकों की सुरक्षा।
- राज्य के अंतिम पर्यटक स्थलों तक मुलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना।
- राज्य के अंतिम पर्यटक स्थलों तक पहुँच पथ की सुविधा उपलब्ध कराना।
- राज्य के अंतिम पर्यटक स्थलों तक यातायात की सुविधा उपलब्ध कराना।
- राज्य के अंतिम पर्यटक स्थलों तक मोबाईल नेटवर्क/दूरभाष की सुविधा उपलब्ध कराना।

(कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य प्रभाग)

mís'; ,oa dk;Z

कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य प्रभाग अपने विविध कार्य–कलापों द्वारा दो उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सतत प्रयत्नशील है। विभाग जहाँ एक तरफ युवाशक्ति एवं इसकी उर्जा को सन्नद्ध एवं प्रवाहमान बनाने हेतु क्रीड़ा एवं अन्य युवा गतिविधियों को बढ़ावा देता है, वहीं राज्य के धरोहर एवं सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण–संवर्धन के लिए कार्यशील है।

राज्य में खेलकूद की एक शानदार एवं अनन्य परम्परा रही है। झारखंड के खिलाड़ी न सिर्फ तीरंदाजी, हॉकी, व्यायाम (एथलेटिक्स), खो–खो और फुटबॉल जैसी क्रीड़ाओं में अपने प्रदर्शन एवं उपलब्धि के लिये जाने जाते हैं, बल्कि झारखण्ड एम्स्टर्डम ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय टीम के कैप्टन एवं हॉकी के प्रख्यात एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ी (Celebrated Hockey wizard) जयपाल सिंह मुण्डा का घर भी है।

34 वीं राष्ट्रीय खेल के आयोजन द्वारा राज्य को खेलगाँव अवस्थित वृहत क्रीड़ा परिसर के रूप में एक बेशकीमती खेल संरचना भी प्राप्त हुआ है।

कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग में निम्नांकित शाखाएं कार्यरत हैः–

1. क्रीड़ा एवं युवाकार्य
2. कला एवं संस्कृति
3. पुरातत्त्व
4. संग्रहालय

ØhM+k ,oa ;qokdk;Z

राज्य में क्रीड़ा एवं युवा गतिविधियों को प्रोत्साहित किए जाने के उद्देश्य से पंचायत से राज्य स्तर के विभिन्न क्रीड़ा स्पर्धाओं का आयोजन किया जाता है। आधारभूत संरचना, यथा–पंचायत स्तर पर क्रीड़ा मैदान और प्रखण्ड/जिला स्तर पर क्रीड़ांगण का निर्माण कराया जा रहा है ताकि कम उम्र में ही प्रतिभाओं को विकसित किया जा सके एवं क्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके । क्रीड़ा एवं युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने युवा नीति एवं खेल नीति भी अधिसूचित किया है।

चयनित खिलाड़ियों को खेल की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित करने हेतु राज्य में 34 आवासीय एवं 123 दिवसीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र हैं। अन्तरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने हेतु उत्कृष्ट क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र नामक नई योजना प्रारम्भ की गई है। वर्ष 2013 के नवम्बर माह में विभाग ने सफलतापूर्वक सातवीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। झारखण्ड के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में 23 स्वर्ण 17 रजत एवं 13 कांस्य पदक जीते। जनवरी 2015 में विभाग नें हॉकी एवं व्यायाम (एथलेटिक्स) की राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतिर्स्पधा का आयोजन किया।

युवाओं में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में रूचि जागृत करने हेतु, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर कई कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के अन्तर्गत चलाये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों के बीच उनके

भावी जीवन के लिये मार्गदर्शक होंगे एवं सामाजिक जीवन की बेहतर समझ विकसित करने में सहायक होंगे तथा उनमें बुद्वि चातुर्य का विकास करेंगे।

राज्य में राष्ट्रीय कैडेट कोर के दो ग्रुप मुख्यालय हैं जिनमें से हरेक के अधीन 7–7 इकाईयाँ कार्यरत हैं। ये इकाईयाँ महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को न सिर्फ सैनिक शिक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाती हैं,बल्कि उन्हें सामाजिक कल्याण गतिविधियों के लिये भी तैयार करती हैं।

dyk ,oa lLdfr

राज्य की समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कला और संस्कृति की संरक्षा सुरक्षा एवं संवर्धन के लिए राज्य सरकार की कई योजनायें हैं। युवाओं को प्रशिक्षण देने हेतु राज्य में चार सांस्कृतिक केन्द्र हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में वर्षभर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्यशाला आयोजित किये जाते हैं।

राज्य सरकार राज्य में भाषिक केन्द्र स्थापित करने एवं वर्त्तमान सांस्कृतिक केन्द्रों को समृद्ध करने की योजना बना रही है। इसके अतिक्ति, राज्य में अखड़ा एवं धुमकुड़िया को भी श्रृखंलाबद्ध रूप में विकसित करने की योजना है।

¼I½ >kj[k.M dyk efUnj

वर्ष 1970 में भारतीय नृत्य कला मन्दिर की स्थापना की गई थी जो राज्य गठन के उपरान्त झारखण्ड कला मन्दिर के नाम से निबन्धित है एवं इसकी एक शाखा दुमका में भी संचालित हैं। राँची शाखा वर्त्तमान में डॉ॰ रामदयाल मुण्डा राजकीय कला भवन, खेलगाँव होटवार, राँची में कार्यरत है। यहाँ नृत्य के विभिन्न रूपों, यथा– कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, राज्य के विभिन्न लोकनृत्य, संगीत, वाद्य यंत्र वादन एवं राज्य के लोकगीतों का प्रशिक्षण दिया जाता है। आगामी वर्षों में यहाँ विभिन्न जनजातीय एवं स्थानीय संगीत, नृत्य, मूर्त एवं अमूर्त कला, दृष्यकला, मूर्तिकला, ललित कला इत्यादि में प्रशिक्षण आयोजित किये जायेगें। मरणासन्न हस्तशिल्प एवं स्थानीय कलाओं को भी साप्ताहिक एवं विशेष सांस्कृतिक उत्सवों/कार्यक्रमों द्वारा प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

(II) jkt dh; ekuHkke NÅ uR; dyk dUnz की स्थापना सिल्ली क्रीड़ांगण, सिल्ली में की गई है, जहाँ प्रतिवर्ष 25 प्रशिक्षणार्थियों को छऊ नृत्य,गीत एवं वाद्य यन्त्रों का प्रशिक्षण दिया जाता है। यहाँ बालिकाओं को भी प्रशिक्षणार्थी के रूप में लिया जाता है। समय–समय पर मुखौटा निर्माण कार्यशाला एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं।

(III) jkt dh; NÅ uR; dyk dUnz] ljk;dsyk

वर्ष 1960 में राजकीय छऊ नृत्य कला केन्द्र, सरायकेला की स्थापना बिहार सरकार द्वारा की गई थी। यह केन्द्र स्थापना वर्ष से ही छऊ नृत्य कला के संरक्षण एवं संवर्द्धन का कार्य कर रहा है। जहाँ अन्य स्थलों पर छऊ नृत्य केवल पुरूष ही करते हैं, वहाँ इस केन्द्र द्वारा बालिकाओं को भी छऊ नृत्य कला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस केन्द्र द्वारा विदेशों में भी छऊ नृत्य कला का प्रदर्शन किया जा चुका है।

योजना है कि आगामी वर्षों में राज्य में न्यूनतम दो और सांस्कृतिक केन्द्रों को प्रारम्भ किया जाय एवं दुमका सहित वर्त्तमान सांस्कृतिक केन्द्रों को और ज्यादा सक्रिय एवं गुंजायमान (Vibrant) बनाया जाय।

राज्य की विविधतापूर्ण संस्कृति को समुन्नत करने एवं अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु "सनिपरब" नामक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रति शनिवार डा॰ रामदयाल मुण्डा राजकीय कला भवन, होटवार में आयोजित किया जाता

है। इस कार्यक्रम में, राज्य के सभी भागों के कलाकारों को एक मंच उपलब्ध कराया जाता है एवं उदीयमान कलाकारों का उत्साहवर्धन किया जाता है। यह प्रस्तावित है कि इस कार्यक्रम को प्रमण्डल एवं जिला स्तर पर भी आयोजित किया जाय। विभिन्न कार्यक्रमों एवं त्यौहारों के मनाये जाने के अतिरिक्त, यह भी प्रस्तावित है कि वार्षिक छऊ नृत्य का आयोजन किया जाय, तथा एक "सात दिवसीय" राष्ट्रीय जनजातीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन नवम्बर माह में किया जाय।

राज्य की विविध संस्कृतियों को सुदृढ़ करने हेतु राज्य सरकार भाषिक केन्द्रों की स्थापना की योजना बना रही है। इस हेतु प्रस्ताव है कि पारम्परिक सांस्कृतिक इकाईयों,यथा–अखड़ा एवं घुमकुड़िया को क्रमबद्ध रूप से चिन्हित, संरक्षित एवं संवर्धित किया जाय। ये पारम्परिक संरचनायें इस क्षेत्र की सामाजिक स्थितियों को स्पष्ट करने में सहायक होंगी।

ijkrRo

राज्य के पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण एवं संवर्धन का उद्देश्य है। सरकार ने विभिन्न स्थलों को उत्खनन, संरक्षण एवं विकास हेतु एवं इनमें से कुछ स्थलों को धरोहर दीर्घा (हेरिटेज गैलरी) निर्माण हेतु चिन्हित किया है। राज्य सरकार इन कार्यों को स्ववित्त एवं तेरहवें वित्त आयोग से प्राप्त राशि से करने हेतु कार्रवाई कर रही है। इसके अतिरिक्त कई धरोहर चेतना कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यो का सम्पादन विभागीय बजट एवं वित्त आयोग द्वारा प्रदत्त अनुदानों द्वारा किया जाता है।

13वें वित्त आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई 100 करोड़ रूपये की राशि का उपयोग राज्य के 26 पुरातात्विक महत्व के स्थलों के संरक्षण एवं विकास के कार्य में किया जाना है। इसके अतिरिक्त तीन और पुरातात्विक स्थल भी इस हेतु स्वीकृत हो चुके हैं। इस योजना के अन्तर्गत राँची अवस्थित आड्रे हाउस के संरक्षण एवं विकास का कार्य पूर्ण है। अन्य सभी कार्य निविदा एवं इसके निष्पादन की प्रक्रिया में हैं।

lxgky;

पुरातात्विक अवशेषों एवं विविधतापूर्ण सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने हेतु राज्य में दो संग्रहालय स्थापित हैं जिनमें से एक राज्य की राजधानी में और दूसरा राज्य की दूसरी राजधानी दुमका में अवस्थित है। इन संग्रहालयों के माध्यम से राज्य सरकार युवाओं के बीच विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन करती है एवं अध्ययन गोष्ठी, व्याख्यान एवं धरोहर चेतना कार्यक्रम भी आयोजित करती है।

राज्य संग्रहालय, होटवार, में "पूर्वी भारत की प्रस्तरकला" विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर के अध्ययन गोष्ठी का आयोजन पहली बार किया गया एवं योजना है कि राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर कम से कम दो राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन किया जाय। इस वर्ष "रवीन्द्रोत्सव" एवं "विमर्श'' का आयोजन आमन्त्रित अतिथियों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति में किया गया। विश्वविद्यालय स्तरीय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच पुरस्कार एवं स्मृति चिन्हों का भी वितरण किया गया। राँची विश्वविद्यालय के पुरातत्व एवं संगीत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिये पाटकुम (चांडिल) एवं इटखोरी के लिये यात्रा का भी आयोजन किया गया। 520 विद्यार्थियों ने संग्रहालय सप्ताह महोत्सव में भाग लिया। कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग एवं न्युमिस्मैटिक सोसाइटी ऑफ इंडिया की सहभागिता में दिनांक 19–21 फरवरी 2015 को "सिक्का आधारित भारतीय इतिहास का अध्ययन " आयोजित किया जायगा।

foÙkh; o"kZ 2016&17 ds fy;s ctV izLrko

[ksydwn ,oa ;qok dk;Z

1- [f[kykM+h dY;k.k dks"k@[ksy Nk=o`fÙk@f[kykfM+;ksa dk lEekuA] 2204

राज्य सरकार प्रत्येक वर्ष ऐसे खिलाड़ियों को, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी उपलब्धि के अनुरूप आर्थिक सहायता, उनकी खेल गतिविधियों में सहभागिता, चिकित्सकीय आवश्यकताओं आदि की पूर्ति के लिए उपलब्ध कराती है। द्वितीयतः रू० 500/– से रू० 6000/– तक छात्रवृत्ति की राशि भी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई जाती है।

राज्य सरकार खिलाड़ियों को उनके राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय क्रीड़ा आयोजनों में हासिल की गई उपलब्धियों के अनुरूप ईनाम के रूप में नकद पुरस्कार देती है। विभिन्न स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में वर्त्तमान में प्रावधानित पुरस्कार की राशि में वृद्धि प्रस्तावित है। राज्य की खेल नीति के अनुसार खेल कोटा के अंतर्गत नौकरी में खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जानी है।

mi;qZä ;kstuk ds fy, foÙkh; o"kZ 2016&17 ds fy, bl en esa 300-00 yk[k :0 dk mica/k izLrkfor gS ftlesa ls 100-00 yk[k :0 tutkrh; mi;kstuk i{k=] 50-00 yk[k :0 vuqlwfpr tkfr;ksa ds fy, fo'ks"k ?kVd ;kstuk ,oa 150-00 yk[k :0 vU; {ks=h; mi;kstuk ds fy;s gSA

2- [f[kykM+h izf'k{k.k dsUnz@izfrHkk [kkst@[ksy lkexzh@ lkexzhA] 2204

राज्य के विभिन्न जिलों में 34 आवासीय एवं 123 दिवसीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र स्वीकृत हैं। आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में, आवासन सुविधा के अतिरिक्त छात्रों को उनकी सामान्य शिक्षा/भोजन/क्रीड़ा सामग्री/बीमा/चिकित्सा एवं अन्य व्ययों के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है। विभाग ने आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों के लिए एन०आई०एस० डिप्लोमा प्राप्त प्रशिक्षकों एवं बी०पी०ई०डी०/एम०पी०ई०डी०/एम० फिल०/ भूतपूर्व राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों/विज्ञ प्रशिक्षकों की सुविधा दिवसीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों पर मुहय्या कराया है। ये केन्द्र युवा क्रीड़ा प्रतिभा के विकास एवं संवर्द्धन हेतु आधारभूत केन्द्र हैं। आवश्यकतानुरूप नई जगहों पर नये आवासीय एवं दिवसीय केन्द्रों की संस्थापना का एवं असंचालित आवासीय एवं दिवसीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों को बंद करने का भी प्रस्ताव है।

एन०आई०एस०, पटियाला एवं अन्य प्रसिद्ध क्रीड़ा संस्थानों की सहायता से प्रशिक्षकों के लिए कार्यशाला एवं संबंधित विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन प्रस्तावित है। राज्य द्वारा विभिन्न क्रीड़ा संघों, विद्यालय स्तर के विजेता टीमों, सुब्रतो मुखर्जी, नेहरू कप, हॉकी टूर्नामेंट/सी०एम० एवं एस०एम० फुटबॉल/अन्तरविद्यालय क्रीड़ा प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को क्रीड़ा उपस्कर उपलब्ध कराये जाते हैं।

प्रखंड स्तर से चयन प्रक्रिया द्वारा विभिन्न खेलों एवं क्रीड़ाओं के अन्तर्गत प्रखण्ड स्तरीय टीमों का गठन किया जा रहा है। इसके उपरान्त इन टीमों को क्रीड़ा उपस्कर एवं अन्य सुविधाएँ मुहैय्या कराई जा रही हैं। जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रखण्ड एवं जिला स्तर के टीमों को शामिल किया जाता है। प्रतियोगिता के प्रत्येक स्तर पर नकद पुरस्कार भी प्रदान किए जाते हैं।

mi;ä ;ktuk d fy, foÙkh; o"k 2016&17 d fy, 560-00 yk[k :0 iLrkfor gA ble l 330-00 yk[k :0 tutkrh; mi;ktuk i{k=] 30-00 yk[k :0 vuqlfpr tkfr;k d fy, fo'k"k ?kVd ;ktuk i{k= ,o 200-00 yk[k :0 vU; mi;ktuk i{k= d fy;s gkxkA

3- ;qok xfrfof/k;k ¼;qok dk;Z@;qok vk;kx½ 2204

राज्य में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर का एक युवा महोत्सव आयोजित किया जाता है जिसमें अपने अनुभवों एवं विचारों का आदान–प्रदान करने हेतु साथ रहने एवं कार्य करने हेतु राज्य/राष्ट्र के सभी भागों से प्रतिभागियों को आमंत्रित किया जाता है। राज्य/राष्ट्र स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने हेतु चयन के लिये युवाओं में परस्पर सहभागिता बढ़ाने एवं स्थानीय गतिविधियों में वृद्धि करने के लिये जिला एवं राज्य स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन किया जायगा। उच्च स्तरीय कार्यक्रमों एवं प्रतिस्पर्धाओं में चयन हेतु इन महोत्सवों में प्रतिस्पर्धात्मक शैली में नृत्य/नाटक/ संगीत/कला एवं शिल्प/शैक्षिक गतिविधियों/दृश्य कला/वृत्तचित्र प्रदर्शन/छायांकन इत्यादि जैसे विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

राज्य में युवा कल्याण एवं युवा गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक युवा आयोग की स्थापना की जा चुकी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं की प्रतिभा एवं प्रवीणता को दिशा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2011–12 से ग्रामीण किशोर–किशोरी विकास केन्द्र योजना प्रारंभ की है। वर्ष 2014–15 में यह किशोर–किशोरी योजना – मैं हूँ चैम्पियन– योजना के रूप में पुनर्प्रवर्त्तित हुआ है जिसमें क्षेत्र में परिवर्त्तन लाने हेतु ग्राम स्तरीय युवा केन्द्र क्रीड़ा और कला एवं संस्कृति को परिवर्त्तन का माध्यम बनायेंगे। इसके लिए यूनीसेफ तकनीकी सहायता दे रहा है और यह योजना नेहरू युवा केन्द्र की सहायता से कार्यान्वित की जा रही है। इस हेतु सम्प्रति बारह जिलों का चयन किया गया है एवं आगामी वर्षों में राज्य के सभी जिलों में इसे कार्यान्वित करने की योजना है।

foÙkh; o"k 2016&17 d fy, bl ;ktuk d fy, 200-00 yk[k :0 dk mic/k çLrkfor gA ble l 150-00 yk[k :0 tutkrh; mi;ktuk i{k= ,o 50-00 yk[k :0 vU; {k=h; mi;ktuk i{k= d fy;s gkxkA

4- vUrjk"Vªh;@jk"Vªh;@jkT;@ftyk@i[k.M Lrjh; ,o vU; [ky ifr;kfxrkvk dk vk;ktu@Hkkxhnkjh ,o lkgfld [ky½ 2204

राज्य में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्‌देश्य से राज्य सरकार द्वारा राज्य में राज्य, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाते हैं जिनमें पाईका (राजीव गांधी क्रीड़ा अभियान) भी शामिल है। विभाग प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय विद्यालय स्तर की क्रीड़ा प्रतियोगिताओं, सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल खेल प्रतियोगिता, नेहरू हॉकी खेल प्रतियोगिता, विभिन्न विद्यालय खेल प्रतियोगिता, मुख्यमंत्री कप एवं क्रीड़ा मंत्री कप फुटबॉल खेल प्रतियोगिता सहित महिला क्रीड़ा महोत्सव या खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराता है ताकि नई प्रतिभायें उभर सकें। इन

प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किये जाते हैं।

विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन विभाग द्वारा किए जाते हैं, जिनमें से कुछ निम्नवत हैं:–

Øå lå	[ksy@fo/kk	ifr;ksfxrk
1.	फुटबॉल U-14/17 बालक	प्रखंड / जिला / प्रमण्डल / राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल खेल प्रतियोगिता
2.	हॉकी U-15/17 बालक एवं U-17 बालिका	प्रखंड / जिला / राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी खेल प्रतियोगिता
3.	20 विधाएँ U-14/17/19 बालक एवं बालिका	प्रखण्ड / जिला / राज्य विद्यालय खेल प्रतियोगिता
4.	10 विधाएँ (महिला)	प्रखंड / जिला / राज्य स्तरीय महिला क्रीड़ा उत्सव
5.	हॉकी (बालक एवं बालिका) फुटबॉल (बालक एवं बालिका) क्रॉस कंट्री रेस	29 अगस्त (राष्ट्रीय क्रीड़ा दिवस) को खेल प्रतियोगिता।
6.	तीरंदाजी, खो–खो, कबड्डी, बॉलीबॉल, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, कुश्ती	पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों के लिए 09 खेल प्रतियोगिता ।
fVIi.kh& vU; [ksy ifr;ksfxrkvks dk vk;ktu vkxkeh o"kk e fd;k tk;xkA		

इनके अतिरिक्त विभाग स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर अन्तर प्रशिक्षण केन्द्र प्रतिस्पर्धा, राष्ट्रीय क्रीड़ा दिवस, प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी जयपाल सिंह प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी जन्मदिवस 3 जनवरी, पूर्व स्वतंत्रता सैनिकों की स्मृति में क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित करने के साथ–साथ अन्य क्रीड़ा गतिविधियाँ भी आयोजित करता है।

झारखण्ड में साहसिक खेलों के लिये वृहत क्षेत्र है। इस योजना के अंतर्गत पर्वतारोहण, पारा ग्लाईडिंग, जलक्रीड़ा, नौकायान इत्यादि जैसी क्रीड़ायें शामिल है। इन क्रीड़ाओं के लिए क्षेत्रों को चयन रूक्का बांध (ओरमांझी), धुर्वा बांध, खण्डोली बांध (गिरिडीह), मैथन बांध, सिकिदरी, राजमहल पहाड़ी इत्यादि जगहों में से किया जा सकता है। शैल–आरोहण, साहसिक गतिविधियों के लिये समुचित स्थलों को चिन्हित किया जा सकता है। परम्परागत क्रीड़ा कार्यक्रमों एवं विधाओं के साथ–साथ साहसिक खेलों को भी प्रोत्साहित किया जायगा।

mi;ä ;ktuk d fy, foÙkh; o"k 2016&17 d fy, 650-00 yk[k :0 iLrkfor gA bles l 350-00 yk[k :0 tutkrh; mi;ktuk i{k=] 30-00 yk[k :0 vuqlfpr tkfr;k d fy, fo'k"k ?kVd ;ktuk i{k= ,o 190-00 yk[k :0 vU; mi;ktuk i{k= d fy;s gkxkA

5- <u>[ksy izksRlkgu xfrfof/k;ka rFkk ijke'kZ gsrq vuqnku%</u> 2204

d½ [ksy la?kksa dks vuqnku% खेल संघ जिला / राज्य / राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का राज्य में आयोजन करते हैं। कई खेल संघ अपने स्तर से इन जिला / राज्य / राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन करने हेतु वित्तीय रूप से सक्षम नहीं है। अतः प्रस्ताव है कि जिला / राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु राज्य के विभिन्न खेल संघों को अनुदान के रूप में सहायता प्रदान की जाय।

उपर्युक्त योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2016–17 में कुल 300.00 लाख रू० प्रस्तावित है।

